# Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

## मार्च - 2024

CURRENT AFFAIRS (March-2024)
PUBLISHER
MAHECHA PUBLICATION
PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026
E-mail: thenoteshub@gmail.com , Website: www.thenoteshub.com

The Notes Hub
+91 7300134518, +91 7610010054

MAHECHA PUBLICATION

# राजस्थान परिदृश्य

**संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार**

- राजस्थान के चार कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए पुरस्कृत

**वर्ष 2022 के लिए**

- ✓ वसंत काबरा (सरोद वादक)
- ✓ दौलत राम वैद (अलाइड थियेटर आर्ट्स – लाईटिंग)
- ✓ गफूरूद्दीन मेवाती जोगी (भपंग वादक)

**वर्ष 2023 के लिए**

- ✓ मोइनुद्दीन खान (सारंगी वादक)

**उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ युवा अवॉर्ड**

- प्रियदर्शनी मिश्रा (जयपुर) – थियेटर राईटिंग के लिए
- युसुफ मेवाती (मेवाती घराना, अलवर)

**रामाश्रय**

- वृद्धावस्था विशेषज्ञ इकाई
- राज्य के हर जिला अस्पताल में बुजुर्गों के लिए अलग से वार्ड
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान सरकार द्वारा
- 10 बेड का वार्ड

**डीडवाना–कुचामन**

- जल जीवन मिशन के अन्तर्गत राजस्थान के जिलों के प्रदर्शन में डीडवाना–कुचामन शीर्ष स्थान पर
- राज्य के 11 जिले टॉप परफॉर्मर जबकि 24 जिले अति पिछड़े की श्रेणी में
- जयपुर शहर और जोधपुर शहर के अलावा अन्य 48 जिलों की रैंकिंग बनाई गयी।
- जल जीवन मिशन – हर घर नल से जल पहुँचाने की योजना

**राज्य जल संसाधन प्रणाली पोर्टल**

- यह पोर्टल लॉन्च करने वाला राजस्थान पहला राज्य है।
- उद्देश्य – प्रदेश के बांधों और नहरों के जल स्तर की रियल टाइम जानकारी उपलब्ध करवाना।
- राज्य जल संसाधन व भू–जल विभाग द्वारा राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के तहत विकसित

**सतत विकास लक्ष्य पर राष्ट्रीय सम्मेलन**

- आयोजन स्थल – जयपुर
- आयोजक – नीति आयोग + राजस्थान सरकार + यूएनडीपी
- उद्देश्य – सतत विकास के लक्ष्यों में तेजी लाने पर विमर्श।
- सम्मेलन के दौरान राजस्थान मुख्यमंत्री द्वारा तीन नॉलेज पोर्टल लॉन्च
  - ✓ एसडीजी नॉलेज हब
  - ✓ खाद्य व पोषण सुरक्षा विश्लेषण डैशबोर्ड
  - ✓ एसडीजी–2 (जीरो हंगर) डैशबोर्ड

**राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एण्ड इनोवेशन (रीति)**

- विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को पाने के क्रम में गठन।
- मुख्यमंत्री राजस्थान आर्थिक सुधार सलाहकार परिषद् के स्थान पर
- कार्य – विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के विकास के लिए नीतियों संबंधित सुझाव देना।
- संरचना
  - ✓ अध्यक्ष – मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार
  - ✓ उपाध्यक्ष – मुख्यमंत्री द्वारा मनोनयन
  - ✓ पूर्णकालिक सदस्य – मुख्यमंत्री द्वारा मनोनयन
  - ✓ मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) – आयोजना विभाग के प्रशासनिक सचिव

**रामगढ़ क्रेटर**

- भारत का पहला जियो हैरिटेज स्थल घोषित।
- राजस्थान सरकार द्वारा
- बारां जिले के रामगढ़ गाँव में स्थित।



- 165 मिलियन वर्ष पूर्व उल्का प्रभाव से निर्मित (लगभग 3 किलोमीटर व्यास)
- देश के अन्य क्रेटर
  - ✓ लोनार क्रेटर, महाराष्ट्र
  - ✓ ढाला क्रेटर, मध्य प्रदेश

Springboard Academy

**राजस्थान में तेंदुओं की संख्या में वृद्धि**

- केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार
- 2018 से 2022 के बीच तेंदुओं की संख्या 476 से बढ़कर 721 हो गई
- रिपोर्ट में राजस्थान के चार टाइगर रिजर्व शामिल
  - ✓ मुकुंदरा टाइगर रिजर्व
  - ✓ रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व
  - ✓ रणथम्भौर टाइगर रिजर्व
  - ✓ सरिस्का टाइगर रिजर्व

**हनुमानगढ़ राज्य का सबसे प्रदूषित शहर**

- विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार
- देश के तीन सर्वाधिक वायु प्रदूषित शहर
  - ✓ दिल्ली एनसीआर
  - ✓ बेगुसराय
  - ✓ हनुमानगढ़
- राज्य का न्यूनतम वायु प्रदूषित शहर – सिरोही

**सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ट्रीटमेंट ऑफ रेयर डिजीज**

- जेके लोन अस्पताल, जयपुर
- बच्चों में होने वाले दुर्लभ रोगों के उपचार हेतु

**कामयाब कोटा अभियान**

- छात्रों में परीक्षा को लेकर तनाव, चिन्ता और अवसाद कम करने के लिए
- "डिनर विद कलेक्टर" कार्यक्रम में जिला कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों के साथ संवाद

**स्कूल एट होम**

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा शैक्षणिक हेल्पलाइन लॉन्च
- विशेष योग्यजन निदेशालय के अधीन विशेष विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए

**हाइब्रिड ड्रोन**

- आईआईटी जोधपुर द्वारा विकसित
- जमीन, पानी और हवा में कार्य करने में सक्षम
- 'एनहिंगा' प्रजाति के पक्षी से प्रेरित
- यह 8 घंटे पानी के भीतर रह सकता है और इसकी उड़ान का समय 15 मिनट है।



## राष्ट्रीय परिदृश्य

**निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति**

- ज्ञानेश कुमार – केरल कैडर के आईएएस अधिकारी
- सुखबीर सिंह संधु – उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त – राजीव कुमार

**किशोर मकवाना**

- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) के अध्यक्ष नियुक्त
- लेखक एवं साहित्यकार
- प्रमुख पुस्तकें
  - ✓ सामाजिक क्रांति ना महानायक डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर
  - ✓ स्वामी विवेकानंद
  - ✓ क्रांतिवीर बिरसा मुंडा
  - ✓ युग प्रवर्तक शिवाजी महाराज

**शेफाली बी शरण**

- प्रेस सूचना ब्यूरो (PIB) की प्रधान महानिदेशक नियुक्त
- भारतीय सूचना सेवा (IIS) की अधिकारी

**नवनीत कुमार सहगल**

- प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त
- प्रसार भारती, भारत की एक सार्वजनिक प्रसारण संस्था है जिसमें दूरदर्शन एवं आकाशवाणी शामिल है।

**प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा**

- थिम्पू में ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन।

- भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित
- यह सम्मान पाने वाले पहले विदेशी शासनाध्यक्ष



**महामहिम राष्ट्रपति के नाम पर समुद्री प्रजाति**

- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI) द्वारा मेलानोक्लामिस जीनस से संबंधित समुद्री स्लग की नई प्रजाति की खोज
- पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटों पर
- इसका नामकरण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम पर 'मेलानोक्लैमिस द्रौपदी' रखा गया।
- यह प्रजाति केवल भारत में पायी जाती है।



**राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केन्द्र**

- बिहार के पटना विश्वविद्यालय परिसर में गंगा नदी के तट पर स्थापना।
- भारत का पहला राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केन्द्र।
- उद्देश्य – गंगा डॉल्फिन का व्यापक अध्ययन करने में वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की सहायता करना।



**दिल्ली विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी**

- स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग संस्था "आईक्यू एयर" द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार
- विश्व का सर्वाधिक प्रदूषित शहर – बेगुसराय
- विश्व का सर्वाधिक प्रदूषित देश – बांग्लादेश

**इण्डिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024**

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन डवलपमेंट द्वारा जारी
- शीर्षक – यूथ एजुकेशन, एम्पलायमेंट एण्ड स्किल्स
- रिपोर्ट के अनुसार भारत के कुल कार्यबल में बेरोजगार युवाओं की हिस्सेदारी – 83 प्रतिशत
- पढ़े लिखे बेरोजगारों की संख्या – 65.7 प्रतिशत

**स्टार्टअप महाकुंभ**

- आयोजन स्थल – नई दिल्ली
- 3 दिवसीय
- उद्देश्य – पूंजीपतियों और इन्वेस्टर्स को स्टार्टअप्स के साथ जोड़ना।

**इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस**

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस की स्थापना को मंजूरी।
- मुख्यालय – भारत में
- उद्देश्य – बड़ी बिल्लियों का संरक्षण करना।
- बड़ी बिल्लियों में शामिल – बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, जगुआर, चीता और प्यूमा।

**अंडरवाटर मेट्रो ट्रेन**

- देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो ट्रेन का उद्घाटन कोलकाता में किया जायेगा।
- कोलकाता से हावड़ा के मध्य चलने वाली मेट्रो के 520 मी. का सफर हुगली नदी में तल से 13 मी. नीचे बनी टनल में पूरा होगा।



**स्वदेशी हाइड्रोजन फ्यूल सेल फेरी**

- तमिलनाडु के थुथुकुड़ी में शुभारंभ
- कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित
- हरित नौका पहल के अन्तर्गत

✓ अंतर्देशीय जलमार्ग आधारित यात्री जहाजों में हरित ईंधन के प्रयोग को बढ़ावा देना।

- इस जहाज को वाराणसी में सेवा के लिए तैनात किया गया।
- भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन फ्यूल सेल फेरी



**पाम ऑयल प्रसंस्करण इकाई**

- देश की पहली एकीकृत पाम आयॅल प्रसंस्करण इकाई में वाणिज्यिक परिचालन शुरू
- अरुणाचल प्रदेश के लोअर दिबांग घाटी जिले के रोइंग में स्थापित
- ''3 एफ ऑयल पाम'' कम्पनी द्वारा संचालित

**खसरा एवं रुबेला चैम्पियन पुरस्कार**

- केन्द्रीय स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को पुरस्कार
- खसरा एवं रूबेला से निपटने के लिए
- द मीजल्स एण्ड रूबेला पार्टनरशिप द्वारा

**जैन पाण्डुलिपि विज्ञान केन्द्र**

- गुजरात विश्वविद्यालय में स्थापना की स्वीकृति
- अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा

**लाचित बोरफुकन**

- अहोम सेनापति लाचित बोरफुकन की 125 फीट ऊँची प्रतिमा का अनवारण
- इसको 'वीरता की प्रतिमा' कहा गया
- लाचित बोरफुकन ने 'सराईघाट की लड़ाई' में अहोम साम्राज्य की सेना का नेतृत्व किया।

❖ सराईघाट का युद्ध वर्ष 1671 में गुवाहटी में ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर लड़ा गया।

❖ इसमें अहोम सेना ने मुगल सेना को हराया।

❖ मुगल सेना के सेनापति – कच्छवाहा राजा रामसिंह प्रथम

**सेला टनल**

- अरुणाचल प्रदेश में 13000 फीट पर बनी सुरंग
- सीमा सड़क संगठन (BRO) द्वारा निर्मित
- यह सुरंग तवांग (अरुणाचल प्रदेश) को तेजपुर (असम) से जोड़ती है।

**शेरनी**

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी ) द्वारा 'शी रिर्सच नेटवर्क इन इण्डिया' (SheRNI) लॉन्च
- विज्ञान में लैंगिक असमानता से निपटने और समान प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए
- लक्ष्य – महिला संकाय सदस्यों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का सरकार विशेषज्ञ मंच स्थापित करना।

**देश का सबसे ऊँचा मौसम टॉवर**

- मध्य प्रदेश के भोपाल में स्थित
- केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री द्वारा उद्घाटन
- 72 मीटर ऊँचाई और 200 किमी दूर से बादल ट्रेक करने में सक्षम

**क्षुद्रग्रह का नामकरण**

- बैंगलुरू के प्रो. जयंत मूर्ति के नाम पर
- 2005EX296 के स्थान पर '(215884) जयंतमूर्ति'
- अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ (IAU) द्वारा
- प्रो. मूर्ति भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान के कार्यवाहक निदेशक रहे।

**चक्षु प्लेटफॉर्म**

- दूरसंचार विभाग द्वारा 'चक्षु' प्लेटफॉर्म लॉन्च
- संचार साथी पोर्टल के माध्यम से धोखाधड़ी या स्पैम कॉल करने वालों की रिपोर्ट करने के लिए

**डिजीटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म**

- दूरसंचार विभाग द्वारा
- कानून प्रवर्तन एजेंसियों, बैंको एवं वित्तीय संस्थानों के हितधारकों के बीच खूफिया

जानकारी साझा करने के लिए तथा डाटा के दुरूपयोग को रोकने के लिए

**मिशन दिव्यास्त्र**

- मल्टीपल इंडीपेंडेंटली टारगेटेबल री–एन्ट्री व्हीकल (MIRV) तकनीक से लैस अग्नि–5 मिसाइल का सफल परीक्षण।
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा
- ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लॉन्च



**एमएच 60 आर सीहॉक हेलीकॉप्टर**

- भारतीय नौसेना ने एमएच 60 आर सीहॉक हेलीकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल किया।
- एमएच 60 आर सीहॉक को रोमियो नाम से जाना जाता है।
- यूएसए से आयातित
- महत्व – पनडुब्बीरोधी युद्ध और चिकित्सा अभियान इत्यादि में।



**चाँदी तारकशी**

- ओडिशा के कटक की प्रसिद्ध चाँदी तारकशी को जी आई टैग।
- इसको 'रूपा तारकशी' या 'सिल्वर फिलिग्रि' भी कहते हैं।



**इंदिराम्मा आवास योजना**

- तेलंगाना सरकार द्वारा
- गरीब लोगों को घर बनाने के लिए 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता

**इंदिरा गाँधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना**

- हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा
- 18–60 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये
- 1 परिवार से 1 महिला पात्र

**कोचरब आश्रम**

- गुजरात के साबरमती आश्रम में पुनर्विकसित
- प्रधानमंत्री द्वारा उद्‌घाटन
- दक्षिण अफ्रीका से भारत आने के बाद महात्मा गांधी द्वारा स्थापित पहला आश्रम

**भारत शक्ति युद्धाभ्यास**

- त्रि–सेवा युद्धाभ्यास
- आयोजन स्थल – पोकरण जैसलमेर

## अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

**लोकतंत्र के लिए तीसरा शिखर सम्मेलन**

- सियोल, दक्षिण कोरिया में 18 से 20 मार्च तक
- हाइब्रिड प्रारूप में
- भारत के प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधन
- लोकतंत्र के लिए शिखर सम्मेलन की शुरूआत 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा

**पोखरा**

- नेपाल की पर्यटन राजधानी घोषित
- नेपाल के गंडकी प्रांत में स्थित
- यह शहर प्राकृतिक सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध
- फेवा झील, बेगनास झील और रूपा झील सहित कई झीलों का घर

**याउंडे घोषणा**

- 11 अफ्रीकी देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों ने मलेरिया से होने वाले मौतों को समाप्त करने के उद्देश्य से याउंडे घोषणा पर हस्ताक्षर किए।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और कैमरून सरकार द्वारा सह–मेजबानी में आयोजित याउंडे सम्मेलन के अवसर पर
- याउंडे – कैमरून की राजधानी



**मानव विकास सूचकांक 2023–24**

- जारीकर्ता – संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
- थीम – 'गतिरोध तोड़ना : एक ध्रुवीकृत दुनिया में सहयोग की पुनर्कल्पना'
- शीर्ष स्थान – स्विट्जरलैंड (स्कोर–0.967)
- अन्तिम स्थान – सोमालिया (स्कोर–0.380)
- भारत का स्थान – 134 (स्कोर – 0.644)
- यह सूचकांक तीन पहलुओं पर आधारित–
  - ➢ जीवन प्रत्याशा
  - ➢ शिक्षा के औसत वर्ष एवं स्कूलिंग के अपेक्षित वर्ष
  - ➢ प्रतिव्यक्ति आय

**लैंगिक असमानता सूचकांक**

- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा जारी।
- प्रथम स्थान – डेनमार्क
- भारत का स्थान – 108 (स्कोर – 0.437)

✓ 2021 में 122वां स्थान

**विश्व खुशहाली सूचकांक 2024**

- संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा जारी
- प्रथम स्थान – फिनलैण्ड
- भारत का स्थान – 126

**हुरून ग्लोबल रिच लिस्ट**

- हुरून रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा जारी
- मुम्बई पहली बार बीजिंग को पीछे छोड़ते हुए एशिया की अरबपति राजधानी बनी।
- भारत के मुकेश अम्बानी सूची में 10वें नम्बर पर रहे।
- एलन मस्क – सबसे अमीर व्यक्ति

**96वें ऑस्कर अवॉर्ड्स (2024)**

- बेस्ट फिल्म – ओपेनहाइमर
- बेस्ट डायरेक्शन – क्रिस्टोफर नोलन (ओपेनहाइमर)
- बेस्ट एक्टर – किलियन मर्फी (ओपेनहाइमर)
- बेस्ट एक्ट्रेस – एम्मा स्टोन (पुअर थिंग्स)
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर – रॉबर्ट डाउनी जूनियर (ओपेनहाइमर)
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस – डा'वाइन जॉय रेंडोल्फ (द होल्ड ओवर)
- ओपेनहाइमर फिल्म को बेस्ट फिल्म सहित सात ऑस्कर पुरस्कार मिले।
- फिल्म पुअर थिंग्स को चार ऑस्कर पुरस्कार मिले।

**एबेल पुरस्कार**

- गणित के क्षेत्र में
- मिशेल टैलाग्रैंड को
- द नॉर्वेजियन एकेडमी ऑफ साइंस एण्ड लैटर्स द्वारा



**इरास्मस पुरस्कार**

- लेखक अमिताव घोष को
- जलवायु परिवर्तन पर लेखन के लिए
- द प्रैमियम इरास्मियानम फाउंडेशन द्वारा
- अमिताव घोष की मुख्य पुस्तकें – द शैडो लाइंस, द कलकत्ता क्रोमोसोम, सी ऑफ पॉपीज, द हंग्री टाइड



Springboard Academy

**प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार**

- वास्तुकला के क्षेत्र में
- जापानी वास्तुकार रिकेन यामामोटो को
- आर्किटेक्चर में नोबेल पुरस्कार के समतुल्य
- बालकृष्ण दोषी – इस पुरस्कार से सम्मानित भारत के एकमात्र वास्तुकार (2018)



**मिस वर्ल्ड 2023**

- चेक गणराज्य की क्रिस्टीना पिस्जकोवा



**वैश्विक असमानता अनुसंधान पुरस्कार**

- बीना अग्रवाल और जेम्स बॉयस को
- वर्ल्ड इनइक्विलिटी लैब और सांइसेज पीओ सेंटर फॉर रिसर्च ऑन सोशल इनइक्विलिटीज द्वारा

**ऑपरेशन इंद्रावती**

- भारत सरकार द्वारा
- हैती में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए
- हैती में बढ़ती हिंसा के कारण

**लामितिये सैन्य अभ्यास**

- भारतीय थल सेना एवं सेशेल्स रक्षा बलों के मध्य
- 10वां संस्करण
- आयोजन स्थल – सेशेल्स

**धर्म गार्जियन**

- भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास
- 5वां संस्करण
- आयोजन स्थल – महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, बीकानेर
- इस युद्धाभ्यास में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पहली बार प्रशिक्षित जानवरों (बाज व कुत्तों) का उपयोग किया गया।

**समुद्र लक्ष्मण युद्धाभ्यास**

- भारतीय नौसेना और मलेशियाई नौसेना के मध्य
- आयोजन स्थल – विशाखापत्तनम
- भारतीय नौसेना जहाज किल्टन शामिल

**सी डिफेंडर्स–2024**

- भारतीय तटरक्षक और यूनाईटेड स्टेट कोस्टगार्ड का संयुक्त समुद्री सुरक्षा अभ्यास
- आयोजन स्थल – पोर्ट ब्लेयर

## खेल

**रणजी ट्रॉफी**

- 89वां संस्करण
- विजेता – मुंबई ( रिकॉर्ड 42 बार)
- उपविजेता – विदर्भ
- फाइनल मैच का आयोजन स्थल – वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई
- प्लेयर ऑफ द सीरीज – तनुष कोटियान (मुम्बई)



**महिला प्रीमियर लीग (WPL)**

- दूसरा संस्करण
- विजेता – रॉयल चैलेंजर्स बंगलौर
- उपविजेता – दिल्ली कैपिटल्स

- प्लेयर ऑफ द सीरीज – दीप्ति शर्मा (यूपी वॉरियर्स)
- ऑरेन्ज कैप – एलिस पेरी (आरसीबी)
- पर्पल कैप – श्रेयंका पाटिल (आरसीबी)

**प्रो–कबड्डी लीग 2023–24**

- 10वां संस्करण
- विजेता – पुणेरी पलटन (पहली बार)
- उप–विजेता – हरियाणा स्टीलर्स
- फाइनल मैच का आयोजन स्थल – जीएमसी बालयोगी स्टेडियम, हैदराबाद



**पंकज आडवाणी**

- भारतीय स्नूकर खिलाड़ी
- बिलियड्र्स हॉल ऑफ फेम में शामिल
- चीन के शांगराओ सिटी में 'वर्ल्ड बिलियड्र्स संग्रहालय' में स्थित हॉल ऑफ फेम



**अंश नेरुरकर**

- 11 वर्षीय भारतीय शतरंज खिलाड़ी
- 'प्राग अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महोत्सव' के 'फ्यूचर कैटेगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय
- आर प्रज्ञाननंदा के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार भी जीता



**वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्टस वर्ल्ड कप**

- आयोजन स्थल – नई दिल्ली
- भरतपुर के रूद्रांश खंडेलवाल ने दो रजत पदक जीते
  - ✓ 50 मीटर पिस्टल एसएच–4 श्रेणी की टीम स्पर्धा और व्यक्तिगत स्पर्धा में



- सीकर की मोना अग्रवाल ने 10 मीटर रायफल एसएच–1 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।



## महत्वपूर्ण दिवस

**विश्व वन्यजीव दिवस**

- 3 मार्च को
- थीम – 'लोगों और ग्रह को जोड़ना : वन्यजीव संरक्षण में डिजीटल नवाचार की खोज'

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

- 8 मार्च को
- थीम – 'महिलाओं में निवेश : प्रगति में तेजी लाएँ'

**विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस**

- 15 मार्च को
- थीम – 'उपभोक्ताओं के लिए निष्पक्ष और जिम्मेदार एआई'

**विश्व वानिकी दिवस**

- 21 मार्च को
- थीम – 'वन और नवाचार : बेहतर दुनिया के लिए नये समाधान'

**विश्व जल दिवस**

- 22 मार्च को
- थीम – 'शांति के लिए जल'